**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
**CARDIO-NEURO CENTRE**
**Ansari Nagar, New Delhi – 110029**

No.F.1-1/2014-Estt.(CNC) Date: 28.10.2016

**Subject:-** **Advertisement for Walk-in-Interviews for the post of Radiographer Grade-II on Contract Basis at C. N. Centre, AIIMS, New Delhi.**

*******

Please find enclosed herewith the modified advertisement (English & Hindi Version) for Walk-in-Interviews for engagement of Radiographer on Contract Basis. The advertisement is required to be uploaded & displayed prominently on the Institute 'WEBSITE' under the head **"Recruitment"**.

2. In view of above, it is requested that necessary action may be taken for the above at the earliest. No advertisement is going to be published in newspapers.

3. This issues with the approval of the Chief of the C.N. Centre.

4. This may be treated as **PRIORITY**.

Encl: As above.

(G.R. PILLAI)
ASSTT. ADMN. OFFICER

**The Professor-in-charge,**
**Computer Facility, AIIMS**

Mr Sanjeev

28/10/16

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**हृद् तंत्रिका केन्द्र**
**अंसारी नगर, नई दिल्ली - 29.**

फा.सं. : 1-1/2014-स्था.(हृ.तं.कें.)　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक: 28.10.2016

**विषय: हृद् तंत्रिका केन्द्र, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में संविदा आधार पर रेडियोग्राफर (ग्रेड- II) के पद हेतु साक्षात्कार के लिए विज्ञापन संबंधी।**

*********

कृपया इस पत्र के साथ संलग्न संविदा आधार पर रेडियोग्राफर ग्रेड-II की तैनाती हेतु साक्षात्कार के लिए विज्ञापन (अंग्रेजी एवं हिंदी संस्करण) का अवलोकन करें। इस विज्ञापन को संस्थान की वेबसाइट पर **"भर्ती"** शीर्ष के अंतर्गत अपलोड एवं प्रदर्शित करना अपेक्षित है।

2. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए यह अनुरोध है कि कृपया उक्त उद्देश्य हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए। समाचार-पत्रों में इसका कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

3. इसे हृद् तंत्रिका केन्द्र के प्रमुख महोदयगण के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

4. कृपया इस पर **प्राथमिकता** के आधार पर कार्रवाई की जाए।।

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

**(जी.आर.पिल्लई)**
**सहायक प्रशासनिक अधिकारी**

**प्रभारी आचार्य**
**कंप्यूटर सुविधा, अ.भा.आ.सं.**

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
**CARDIO-NEURO CENTRE**
**Ansari Nagar, New Delhi -110029**

*(An autonomous organization under the Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India)*

**Adv. No.1/CNC/2016** **Date: 28.10.2016**

## WALK-IN-INTERVIEW
## FOR ENGAGEMENT AS RADIOGRAPHER GRADE-II ON CONTRACT BASIS AT C.N. CENTRE

| S.No. | Name of the Post | Qualification/ Experience | No. of Posts | Monthly Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Radiographer Grade-II | B.Sc. (Hons.) in Radiography or B.Sc. Radiography (3 yrs. Course) from a recognized University/ Institution. | 02 (*No. of Posts may undergo change.) | Rs.25,000/- (Consolidated) |

## GENERAL CONDITIONS

1. The above assignments are purely on contract basis, initially for a period of six months.
2. The incumbent selected shall have no claim what-so-ever for regularization of their services in the AIIMS.
3. The candidates who fulfill the eligibility criteria and wish to appear for interview are required to report for walk-in-interview at **9.00 AM on 16.11.2016 positively** at the **Seminar Room, 6th Floor, Neuro-Sciences Centre, AIIMS**, Ansari Nagar, New Delhi-110029. Candidates report after 9.30 AM will not be considered.
4. The candidate should bring application in prescribed proforma available in website along with original certificates in support of his/her age, educational/professional qualification, experience etc., two recent passport size colour photographs and a set of self-attested photocopies of these documents failing which he/she will not be allowed to appear for interview.
5. The candidates applying in response to the advertisement should ensure themselves regarding their eligibility as per advertisement in all respects.
6. If any candidate is found canvassing for his/her selection, he/she will be disqualified for being called for interview/being selected.
7. The other terms and conditions are mentioned in Annexure-II.

**Note:** Beware of touts & job racketeers.

**ADMINISTRATIVE OFFICER (CNC)**

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**हृद् तंत्रिका केन्द्र**

**अंसारी नगर, नई दिल्ली - 29.**

***(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन )***

**विज्ञापन सं. 1/सी एन सी/2016** **दिनांक: 28.10.2016**

**प्रवेश साक्षात्कार**

**विषय: हृद् तंत्रिका केन्द्र, अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली में संविदा आधार पर रेडियोग्राफर ग्रेड- II की तैनाती संबंधी।**

| क्रम सं. | पद का नाम एवं संख्या | अर्हता/अनुभव | पदों की संख्या | मासिक परिलब्धियां |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **रेडियोग्राफर ग्रेड- II** | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से रेडियोग्राफी में बी.एस.सी. (ऑनर्स) अथवा बी.एस.सी. रेडियोग्राफी (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) | 02 (*पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है) | रू. 25000/- (समेकित) |

**सामान्य शर्तें**

1. उपर्युक्त तैनाती पूर्ण रूप से संविदा आधार पर है, आरंभ में यह छः माह की अवधि के लिए है।
2. चयनित उम्मीदवार अ.भा.आ.सं. में उनकी सेवाओं को नियमित किए जाने हेतु बिलकुल भी दावेदार नहीं होगा/होगी।
3. पात्रता मापदण्डों को पूरा करने वाले तथा साक्षात्कार में उपस्थित होने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे **दिनांक 16.11.2016 को सेमिनार कक्ष, छठी मंजिल, तंत्रिका विज्ञान केन्द्र, अ.भा.आ.सं.**, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110029 में **प्रातः 09.00 बजे तक अवश्य पहुंच जाएं । प्रातः 09.30 बजे के बाद किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।**
4. उम्मीदवार वेबसाइट पर दिए गए प्रारूप में अपना आवेदन पत्र लेकर आएं और साथ ही उन्हें अपनी आयु, शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता,अनुभव आदि की पुष्टि हेतु मूल प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार के दो नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ और उपर्युक्त प्रमाण-पत्र/ कागजात की स्व-सत्यापित प्रतिलिपियों के एक सेट के साथ आना होगा अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
5. इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दी गई सभी प्रकार की अर्हताओं के अनुसार योग्य हैं।
6. यदि कोई उम्मीदवार उपर्युक्त चयन हेतु किसी प्रकार की सिफारिश या दबाव डलवाता पाया जाता है तो उसे साक्षात्कार हेतु बुलाने/ चयन करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
7. अन्य निबंधन एंव शर्तें संलग्नक- II में दी गई हैं।

**टिप्पणी:** दलालों एवं नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहें।

**प्रशासनिक अधिकारी (हृ.तं.के.)**

**ANNEXURE-I**

## APPLICATION FORM FOR ENGAGEMEMNT AS RADIOGRAPHER GRADE-II (ON CONTRACT BASIS)

Affix your recent coloured passport size photograph.

1. Advt. No. 1/CNC/2016 Dated 28.10.2016

2. Post applied for **Radiographer Grade-II on contract basis**

3. Name (in Block Letters)..............................................................................................

4. Father's/ Husband's Name ..........................................................................................
5. Mother's Name .........................................................................................................

6. Address (Permanent) ..................................................................................................

.................................................................................................. (Address proof to be enclosed)

7. Address for correspondence ..........................................................................................

.................................................................................................................................

Contact No. ................................ E-mail..........................................................................

8. Date of birth: [ ][ ][ ][ ][ ][ ] (dd/mm/yy)

9. Category: (SC/ST/OBC/Others).........................................................................................

10. Age as on the date of Interview: [ ][ ][ ][ ][ ][ ] (dd/mm/yy)

11. Educational Qualification:

| Degree/Exam. | Name of Board/ University | Year of Passing | subject | Percentage/ Division |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. Experience:

| Sr. No. | Name of the Department/ Section | Name of the post held | Date of Joining | Date of Leaving |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |

### DECLARATION

I hereby declare that all statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. In the event of any information being found false or incorrect my candidature is liable to be cancelled/ terminated. I will have no claim for absorption after termination/ completion of tenure contract. I shall abide by terms & condition as prescribed. I also declare that I have never been convicted by any Court of Law. In the event of ineligibility being detected before or after the selection procedure, action can be taken against me under the relevant rules/instruction and I hereby undertake to abide by them.

Date: (Signature of Candidate)

<u>**सलग्नक - 1**</u>

**रेडियोग्राफर ग्रेड - II (संविदा आधार पर) की नियुक्ति हेतु आवेदन प्रपत्र**

| |
|---|
| **यहां अपना पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाएं** |

1. **विज्ञापन सं.** 1/सी एन सी/2016 दिनांक 28.10.2016
2. **आवेदित पद का नाम : रेडियोग्राफर ग्रेड - II**
3. **नाम (स्पष्ट अक्षरों में)** ------------------------------------------------
4. **पिता/पति का नाम** ------------------------------------------------
5. **माता का नाम** ------------------------------------------------
6. **पता (स्थायी)** ------------------------------------------------
   ------------------------------------------------ (पते का साक्ष्य संलग्न करें)
7. **पत्राचार का पता** ------------------------------------------------
   ------------------------------------------------
   **सम्पर्क नं.** ---------------------- **ई-मेल** ----------------------
8. **जन्म-तिथि** : | | | | | | | **(दिन/महीना/वर्ष)**
9. **श्रेणी:** (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अन्य) ------------------------------------------------
10. **साक्षात्कार की तिथि पर आयु :** | | | | | | **(दिन/महीना/वर्ष)**
11. **शैक्षिक योग्यता :**

| डिग्री/परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | प्रतिशत/ श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. **अनुभव:**

| क्रम सं. | विभाग/अनुभाग का नाम | धारित पद का नाम | कार्य ग्रहण की तिथि | कार्य छोड़ने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |

<u>**घोषणा:**</u>

मैं एतद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार इस आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण सत्य, पूर्ण और सही हैं। यदि इसमें दी गई कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। मैं संविदा अवधि समाप्त होने के बाद / पूर्ण होने के बाद आमेलित किए जाने संबंधी कोई दावा नहीं करूंगा/करूंगी। मैं सभी निर्धारित निबंधन एवं शर्तों का पालन करूंगा/करूंगी । मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मुझे कभी भी किसी अदालत द्वारा दोषी करार नहीं दिया गया है। मुझे यदि चयन प्रक्रिया से पहले अथवा बाद में मेरी अपात्रता का पता चलता है तो संबंधित नियमावली/ अनुदेशों के अन्तर्गत मेरे विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। मैं, एतद्वारा, उनका पालन करने का वचन देता/देती हूँ।

दिनांक: (उम्मीदवार का नाम)

**ANNEXURE-II**

## TERMS & CONDITIONS

i) **Tenure:-** The appointment is **purely on contract** basis initially for a period of six months or till regular recruitment is done, whichever is earlier. This appointment will not vest any right to claim by the candidate for regular appointment or permanent absorption in the Institute or for continued contractual appointment which may be renewed or terminated on the basis of performance and conduct.

ii) **Remuneration:-** The contract will entitle the contractual appointee to a consolidated remuneration of Rs.25,000/- per month. The contractual appointee will not be entitled to any other allowances, financial benefits or concessions as admissible to Institute employees.

iii) **Expiry of Contract:-** The contract will automatically expire on completion of six months until it is renewed with mutual consent for the decided period. The contractual appointment can be terminated at any time, by either side, by giving 30 days notice or salary in lieu thereof.

iv) **Leave:-** The leave entitlement of the appointee shall be governed in terms of instructions contained in DoP&T OM No.12016/3/84-Estt.(L) dated 12.04.1985 as amended from time to time.

v) **Accommodation:-** No hostel or any other accommodation will be provided by the Institute.

vi) The Competent Authority reserves the right to change the number of vacancies, withdraw the process in full or in part and also the right to reject any or all applications received without assigning any reasons or giving notice etc.

vii) The prescribed qualification is minimum and mere possessing the same does not entitle any candidate for selection.

viii) Upper age limit is 35 years on the date of Walk-in-Interview which is relaxable for SC, ST & OBC candidates and Govt. servant, as per rules.

ix) This contractual appointment is whole time and private practice of any kind is prohibited.

x) He/She will have to work in shifts.

xi) He/She should also note that he/ she will have to conform to the rules of discipline and conduct as applicable to the Institute employees.

xii) No travelling or other allowances will be paid to the candidate for interview or for joining the post.

xiii) The candidate should not have been convicted by any Court of Law.

xiv) Canvassing in any form will render the candidate disqualified for the post.

xv) If any declaration given or information furnished by the candidate proves to be false or if the candidate is found to have willfully suppressed any material information, he/she will be liable to be removed from service and such action as the appointing authority may deem fit.

xvi) The decision of the Competent Authority regarding selection of the candidate will be final and no representations will be entertained in this regard.

*******

संलग्नक - II

**निबंधन एवं शर्तें**

(i) **अवधि:-** यह नियुक्ति, छः माह की अवधि अथवा जब तक नियमित भर्ती नहीं हो जाती, जो भी पहले हो, तब तक के लिए पूर्ण रूप से संविदा आधार पर है । इस नियुक्ति से उम्मीदवार को, संस्थान में नियमित नियुक्ति अथवा स्थायी आमेलन अथवा संविदागत नियुक्ति को जारी रखने, जिसे कार्य निष्पादन तथा आचरण के आधार पर नवीकरण अथवा समाप्त किया जा सकता है, संबंधी दावा करने का अधिकार नहीं प्राप्त नहीं होगा।

(ii) **पारिश्रमिक:** इस संविदा से संविदागत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवार को प्रति माह रू. 25000/- (रू. पच्चीस हजार केवल) का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। चयनित उम्मीदवार, संस्थान के कर्मचारी को प्राप्त होने वाले किसी प्रकार के भत्ते, वित्तीय लाभ अथवा छूट आदि प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।

(iii) **संविदा की समाप्ति:-** यदि आपसी सहमति से किसी निर्धारित अवधि के लिए संविदा का नवीकरण नहीं किया जाता है तो छः माह की अवधि पूर्ण होने पर संविदा अवधि स्वतः ही समाप्त हो जाएगी । किसी भी पक्ष द्वारा संविदा नियुक्ति को 30 दिन का नोटिस अथवा उसके बदले 30 दिन का वेतन देकर किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

(iv) **छुट्टी:-** नियुक्त उम्मीदवार को, समय-समय पर संशोधित प्रशि. एवं का. वि. के दिनांक 12.04.1985 के का.ज्ञा.सं. 12016/3/84-स्था.(एल) में दिए गए निदेशों के अनुसार ही छुट्टियां प्रदान की जाएंगी।

(v) **आवास:-** संस्थान द्वारा छात्रावास या किसी प्रकार की कोई आवास सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

(vi) सक्षम प्राधिकारी को पदों की संख्या में परिवर्तन करने, प्रक्रिया को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से वापस लेने का पूर्ण अधिकार है तथा उन्हें, प्राप्त हुए किसी अथवा सभी आवेदनों को बिना कोई कारण अथवा नोटिस आदि दिए रद्द करने का भी अधिकार है।

(vii) निर्धारित की गई अर्हता न्यूनतम है और केवल इसी अर्हता के होने से ही कोई उम्मीदवार चयनित होने का हकदार नहीं हो जाता है।

(viii) इसकी अधिकतम आयु सीमा प्रवेश साक्षात्कार की तिथि तक 35 वर्ष है, जिसमें अ.जा., अ.ज.जा. एवं अ.पि.व. उम्मीदवारों तथा सरकारी कर्मचारियों के लिए नियमानुसार छूट प्रदान है।

(ix) संविदागत नियुक्ति पूर्णकालिक है और इस दौरान किसी प्रकार का निजी कार्य करना निषेध है।

(x) चयनित उम्मीदवार को पाली (शिफ्टों) में कार्य करना होगा ।

(xi) उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि उन्हें संस्थान के कर्मचारियों पर लागू अनुशासन एवं आचरण के नियमों का पालन करना होगा।

(xii) उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेने अथवा पद पर कार्य भार ग्रहण करने के लिए यात्रा भत्ता अथवा कोई अन्य भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।

(xiii) उम्मीदवार किसी भी अदालत द्वारा दोषी करार किया हुआ नहीं होना चाहिए।

(xiv) उपर्युक्त चयन हेतु किसी प्रकार की सिफारिश या दबाव डलवाने वाले उम्मीदवार को साक्षात्कार हेतु बुलाने/ चयन करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

(xv) यदि उम्मीदवार द्वारा की गई घोषणा अथवा उसके द्वारा दी गई कोई सूचना झूठी पाई जाती है अथवा यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने कोई सूचना जानबूझकर छुपाई है तो उसे सेवा से हटा दिया जाएगा और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

(xvi) उम्मीदवार के चयन से संबंधित सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इससे संबंधित किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

***********